फर्द अहकाम
भंवरलाल बनाम नागरिक विकास समिति वगै0

अपील संख्या 10 / 2020

दिनाक आज्ञा या कार्यवाही विवरण	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
06.05.2025	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित। अधिवक्ता उभयपक्ष द्वारा कथन किया है कि मा0 न्यायालय राजस्व मण्डल अजमेर के प्रकरण सं0 3384 / 2020 उनवान हीरालाल बनाम सरकार में निर्णय दिनांक 12.10.2020 पारित कर अपीलाधीन नामा0 सं0 861 दिनांक 09.05.85 खारिज फरमा दिया गया था, जिसकी अपील मा0 उच्च न्यायालय, जयपुर में विचाराधीन है। अधिवक्तागण द्वारा उक्त के संदर्भ में मा0 न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर के प्र0सं0 3384 / 2020 निर्णय दिनांक 12 / 10 / 2020 एवं मा0 उच्च न्याया0 राजस्थान, जयपुर की एस.बी. सिविल रिट पीटिशन सं0 97 / 2024 की प्रति पेश की तथा प्रकरण में संबंधित भूमि के नामान्तकरण से संबंधित प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है तो ऐसे में इस न्यायालय द्वारा कोई आदेश पारित करना न्यायसंगत नहीं होगा। अतः कार्यवाही समाप्त किये जाने का मौखिक निवेदन किया। अधिवक्तागण द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात अनुसार हस्तगत अपीलाधीन नामा0 861 के संबंध में प्रकरण मा0 उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने से इस न्यायालय द्वारा कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय ही सर्वमान्य होगा। पत्रावली निर्णित शुमार की जाकर दर्ज नम्बर से कम हो। अतिरिक्त कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (तृतीय) जयपुर	